# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत, पति व बेटा घायल

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 20 मार्च.** शहर में हिट एंड रन का एक और मामला प्रकाश में आया है। जिसमें तेज रफ्तार ट्रक का चालक बाइक पर

**पुरानी छावनी थाना इलाके में हुआ हादसा, आरोपी फरार**

सवार होकर जा रहे परिवार को पीछे से टक्कर मारता हुआ निकल गया। हादसा पुरानी छावनी इलाके में हुआ है, जिसमें महिला की मौत हो गई, जबकि पति व बेटा गंभीर रूप से घायल हैं। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए एवं शव को पीएम हेतु हॉस्पिटल पहुंचाने के उपरांत आरोपी के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।



नदीपार टाल श्रीनगर कॉलोनी निवासी 22 वर्षीय रिंकू जाटव, उसके पिता नाथूराम जाटव व मां गीता कुमारी बीते रोज एक रिश्तेदार से मिलने बाइक से नूराबाद (मुरैना) गए थे। जहां से शाम के वक्त वह तीनों वापस लौट रहे थे। बाइक नाथूराम चला रहा था, जबकि पत्नी व बेटा पीछे बैठे हुए थे। इसी दौरान पुरानी छावनी थाना क्षेत्रांतर्गत आई हॉस्पिटल के सामने से गुजरते समय मुरैना की ओर से आ रहे ट्रक क्रमांक आरजे 11 जीडी 5901 के चालक ने तेजी व लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार तीनों लोग उछलकर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से घायलों को हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां डॉक्टर्स द्वारा गीता कुमारी को मृत घोषित कर दिया गया। जबकि रिंकू व नाथूराम फिलहाल उपचाररत हैं।

**ट्रक लेकर भागा आरोपी**

हादसे को अंजाम देने के बाद आरोपी चालक ट्रक सहित भाग निकला। पुलिस द्वारा घायल रिंकू जाटव की शिकायत पर आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (ए) व 106 (1) के तहत एफआईआर दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है। वहीं हादसे के कारण का पता लगाने के लिए घटनास्थल के इर्द गिर्द लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चेक किए जा रहे हैं।

# किशोरी की मौत के मामले में 3 पर मुकदमा दर्ज

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 20 मार्च.** खंभा गिरने से हुई किशोरी की मौत के मामले में तीन पर एफआईआर हुई है खंभा गिरने से उसके नीचे दबकर हुई 14 वर्षीय किशोरी की मौत के मामले में पुरानी छावनी थाना

**लापरवाही से केबल काटे जाने के कारण हुआ था हादसा**

पुलिस द्वारा महिला सहित तीन आरोपियों के खिलाफ जांच उपरांत एफआईआर दर्ज की गई है। दो दिन पूर्व हुआ उक्त हादसा लापरवाही से केबल काटे जाने के कारण हुआ था।

बता दें कि बीते बुधवार की सुबह आठ बजे के लगभग पुरानी छावनी थाना क्षेत्रांतर्गत पठान



मोहल्ला निवासी साबिर खान के घर के सामने लगे खंभे पर बिजली सुधारने के लिए पड़ोस में रहने वाला विशाल खान नसेनी लगाकर चढ़ा था। उसके खंभे पर चढ़ता देख आसपास के अन्य लोग भी तमाशा देखने वहां जुट गए। इस दौरान विशाल ने उस केबल को प्लास से काट डाला, जिससे खंभा बंधा हुआ था। यह केबल काटते ही खंभा लहराता हुआ नीचे खड़ी साबिर की 14 वर्षीय बिटिया रजिया के सिर पर जा गिरा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

परिजन तुरंत घायल किशोरी को हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर्स द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया।

घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव का पीएम करवाकर तत्समय मर्ग कायम कर लिया था। मामले की विवेचना में पुलिस को ज्ञात हुआ कि विशाल खान, सुहाना बेगम और रितिक खान की लापरवाही के कारण उक्त खंभा गिरा था, जिसके नीचे दब जाने से रजिया की मौत हो गई। यह जानकारी हाथ आते ही पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 106 (1) व 3 (5) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

# श्री सनातन धर्म मंदिर में गणगौर मेला आज

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 20 मार्च.** श्री सनातन धर्म मंदिर परिसर में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला पारंपरिक गणगौर मेला इस वर्ष भी (शनिवार) को श्रद्धा एवं उत्साह के साथ आयोजित किया जाएगा। मंदिर के अध्यक्ष विजय गोयल, प्रधानमंत्री रमेशचंद्र गोयल (लल्ला) एवं कोषाध्यक्ष राकेश बंसल ने बताया कि मेला मंदिर परिसर में स्थित विद्यालय प्रांगण में सायं 4 बजे से प्रारंभ होगा। उन्होंने बताया कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी कसेरा ओली से मुरलीधर अग्रवाल द्वारा गणगौर माता की शोभायात्रा गाजे-बाजे के साथ मंदिर परिसर तक लाई जाएगी। मंदिर पहुंचने पर मुख्य पुजारी पंडित रमाकांत शास्त्री द्वारा विधिवत पूजन-अर्चन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि श्री सनातन धर्म मंदिर में विगत लगभग 80 वर्ष से प्रति वर्ष इस गणगौर मेले का आयोजन किया जा रहा है जिसमें कसेरा ओली के मुरलीधर अग्रवाल तीसरी पीढ़ी के सदस्य हैं जो निरंतर इस परम्परा का निर्वहन कर रहे हैं। मंदिर प्रबंधन द्वारा मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

# एआई का सही उपयोग व्यक्ति को दूसरों से अलग पहचान दिला सकता है: प्रतीक राव

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 20 मार्च.** आईटीएम यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट द्वारा 'इनोवेशन समिट-2026' का आयोजन किया गया।

**आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर में 'इनोवेशन समिट-2026' का हुआ आयोजन**

जिसका विषय 'इनोवेट, बिल्ड, स्केल-आंत्रप्रेन्योरशिप, इंडस्ट्री एंड एआई इन एक्शन' रहा। इस समिट में मुख्य अतिथि के रूप में ग्वालियर एडिशनल कमिश्नर टी. प्रकाश राव और मुख्य वक्ता के रूप में पुणे से आए डॉ. दीपक शिकारपुर शामिल हुए। वहीं वक्ता के रूप में अमन बत्रा (संस्थापक जेनेक्ट्रिक्स), आकाश शर्मा (डायरेक्टर, टेक्नोबिट सॉल्यूशंस) शामिल हुए। इस अवसर पर आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के वाइस चांसलर प्रोफेसर डॉ. योगेश उपाध्याय, आईडियापैड के डायरेक्टर आशीष चंदेल, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट की एचओडी डॉ. वंदना भारती, इनोवेशन समिट डॉ. शिखा सलोनी, अमोल मुटाटकर,



अंकिता शर्मा ने कोर्डिनेट की। इसके अलावा प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर और स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। समिट में आईटीएम यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रोफेसर डॉ. योगेश उपाध्याय ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में केवल पारंपरिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि रचनात्मकता, समस्या-समाधान क्षमता एवं तकनीकी नवाचार ही सफलता की कुंजी है।

आईटीएम यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट द्वारा आयोजित 'इनोवेशन समिट-2026' में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए ग्वालियर एडिशनल कमिश्नर टी. प्रतीक राव ने कहा कि प्रतिस्पर्धी युग में एआई का सही उपयोग व्यक्ति को दूसरों से अलग पहचान दिला सकता है। यदि छात्र-छात्राएं एआई टूल्स का सही ढंग से उपयोग करें, तो वे अपनी कार्य क्षमता को कई गुना बढ़ा सकते हैं और अपने विचारों को अधिक प्रभावी ढंग से विकसित एवं प्रस्तुत कर सकते हैं। मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए पुणे से आए डॉ. दीपक शिकारपुर ने कहा कि आज के समय में तकनीक केवल एक साधन नहीं बल्कि विकास, प्रतिस्पर्धा और नवाचार का आधार बन चुकी है। वहीं इनोवेशन समिट में अमन बत्रा (संस्थापक जेनेक्ट्रिक्स), आकाश शर्मा (डायरेक्टर, टेक्नोबिट सॉल्यूशंस) ने उद्योग की अपेक्षाओं, कौशल विकास तथा कॅरियर तैयारी से जुड़े व्यावहारिक पहलुओं पर अपने अनुभव साझा किए।

# हत्या के प्रयास का आरोपी पुलिस ने दबोचा

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 20 मार्च.** पिछले आठ महीने से चकमा दे रहे शातिर अपराधी को पुलिस उसके गांव से खींच लाई। पकड़ में आए आरोपी पर 5 हजार रुपए का इनाम है और ये हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहा था। पिन

**पांच हजार का इनामी है आरोपी**
**कई संगीन वारदातों में था वांटेड, बेहट पुलिस ने घर से दबोचा**

प्वाइंट सूचना मिलने पर बेहट थाने की राजवीर वाल्मीकि पुलिस आरोपी को उसके गांव चंदारा, गोहद से पकड़ लाई। एसएसपी धर्मवीर सिंह यादव ने शातिर अपराधी के पकड़े जाने की पुष्टि करते हुए बताया कि इस पर कई संगीन मामले विभिन्न थानों में दर्ज हैं। बेहट थाना क्षेत्र में जुलाई 2025 में सत्यभान सिंह गुर्जर को राजवीर वाल्मीकि निवासी ग्राम चंदेरा, गोहद ने अपने साथियों के साथ मिलकर गोली मारी थी। हमले में सत्यभान गुर्जर गंभीर रूप से घायल हो गया था, लेकिन उसकी जान बच गई थी। बेहट थाने में इसके खिलाफ जान से मारने का प्रयास का मामला दर्ज किया गया था और पुलिस तभी से उसकी तलाश में थी। बीते रोज बेहट थाना प्रभारी महावीर सिंह परिहार को मुखबिर ने सूचना दी कि जिस आरोपी की तलाश कर रहे हैं वह अपने गांव चंदारा आया हुआ है और इस समय घर में बैठा है। तत्काल एक टीम बनाई गई जो चंदारा गांव पहुंची और घर से 5 हजार के इनामी राजवीर वाल्मीकि को दबोच लिया। पुलिस इसे पकड़कर थाने लाई और पूछताछ की व इसका पिछला रिकार्ड देखा तो तमाम संगीन वारदातें आरोपी राजवीर वाल्मीकि ने अंजाम दी हुई थीं। इनमें लूट, हत्या के प्रयास, बलात्कार, मवेशी चोरी जैसे मामले शामिल हैं।

पुलिस की पकड़ में आया राजवीर वाल्मीकि पर गिजोर्रा में 2, पिछोर में 1, महाराजपुरा में 3, मुरार में 1, बेहट में 1 तथा गोहद में 3 मामले दर्ज हैं। इनमें पॉक्सो एक्ट, आर्म्स एक्ट, डकैती अधिनियम, चोरी, हत्या के प्रयास, मारपीट जैसे संगीन केस दर्ज हैं।

**इनका कहना है कि..**

हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे आरोपी राजवीर वाल्मीकि को उसके घर ग्राम चंदारा से गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी पर बलात्कार, लूट, चोरी, मवेशी चोरी जैसे तमाम मामले विभिन्न थानों में दर्ज हैं। आरोपी से पूछताछ की जा रही है, जिससे और वारदातें खुलने की संभावना हैं।

**महावीर सिंह परिहार**
**थाना प्रभारी, बेहट**

## 4 साल पुराने मामले में शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

ग्वालियर। एक शातिर वाहन चोर को डबरा पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 4 साल पहले चोरी हुई मोटरसाइकिल बरामद की है। पकड़े गए आरोपी ने डबरा देहात क्षेत्र में भी अन्य चोरियां करना स्वीकार किया है। थाना प्रभारी डबरा सिटी उप निरीक्षक संजय शर्मा की टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि सहराई पुल के पास सर्विस रोड पर एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में मोटरसाइकिल के साथ खड़ा है। पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए घेराबंदी की और आरोपी अंशू उर्फ मुकेश सेन (32 वर्ष), निवासी जवाहर कॉलोनी (डबरा) को दबोच लिया। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसके पास मौजूद एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल उसने करीब 4 साल पहले डबरा की रामगढ़ सब्जी मंडी से चोरी की थी। फरियादी दीपक कुशवाह ने मोटरसाइकिल चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिस पर थाना डबरा सिटी में अपराध पंजीबद्ध था। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी अंशू उर्फ मुकेश सेन एक आदतन अपराधी है आरोपी के खिलाफ थाना डबरा सिटी में पूर्व से ही चोरी के 2 अपराध दर्ज हैं। पूछताछ में आरोपी ने डबरा देहात क्षेत्र से भी 02 अन्य मोटरसाइकिलें चोरी करना स्वीकार किया है। डबरा देहात पुलिस अब आरोपी को रिमांड पर लेकर अन्य चोरी किए गए वाहनों की बरामदगी के प्रयास करेगी।

## चंद घंटों में मिली अपहृत नाबालिग, आरोपी गिरफ्तार

**ग्वालियर 20 मार्च.** घर से लापता हुई एक 17 वर्षीय नाबालिग बालिका को चंद घंटों के भीतर बरामद कर कोतवाली पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के अंदर आरोपी को भी सलाखों के पीछे पहुँचा दिया है। घटनाक्रम के अनुसार लश्कर निवासी एक व्यक्ति ने थाना कोतवाली में सूचना दी थी कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री सुबह स्कूल में पेपर देने का कहकर घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। परिजनों ने अपनी स्तर पर काफी तलाश की, लेकिन सफलता न मिलने पर पुलिस की शरण ली। फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली थाना प्रभारी उप निरीक्षक मोहिनी वर्मा ने विशेष टीम गठित की।



# पार्षद किरण धर्मेंद्र वर्मा ने कई मंदिरों में बड़े कूलर, पंखे लगवाए

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 20 मार्च.** नवरात्रि पर्व के उपलक्ष में 15 विधानसभा ग्वालियर में कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा के निर्देश अनुसार वार्ड 17 के पार्षद किरण धर्मेंद्र वर्मा ने कांच मिल कुआं वाली माता पर बड़ा कूलर दान किया। आनंद नगर मंशापूर्ण हनुमान जी के मंदिर पर भी बड़ा कूलर फर्राटेदार रखवाया गया एवं रेलवे कॉलोनी स्थित श्री किंकर वाले हनुमान जी के मंदिर पर भी बड़ा कूलर दिया गया एवं विशेष तौर पर ऊर्जा मंत्री वाली गली, बिजासन बड़ी माता के मंदिर पर क्षेत्रीय जनता की मांग पर सुनील शर्मा के निर्देश अनुसार बड़ा वाला क कूलर फर्राटेदार यहां पर भी रखवाया गया जिससे गर्मियों के सीजन में सभी भक्तजनों को माता बहनों को राहत मिल सके। साथ में कुछ जगह पर कंपनी के नए पंखे भी दिए गए।

# सुबह शाम हुई बारिश ने बढ़ाई ठंडक

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 20 मार्च.** पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम ने अपनी करवट बदली है, जिसके कारण विगत दो दिन से बादलों ने शहर में डेरा जमाया हुआ है। जिसके चलते अचानक शुक्रवार सुबह से सर्दी बढ़ गई और सुबह 10.30 बजे से रिमझिम बूंदाबांदी प्रारंभ हो गई। जिसके कारण लोगों को स्वेटर और गर्म कपड़े निकालने पड़े। वहीं रात के समय काफी ठंड का अहसास हुआ। शहर का न्यूनतम तापमान 19.2 डिग्री दर्ज किया गया जो कि सामान्य से 2.2 डिग्री अधिक है, जबकि अधिकतम तापमान 34.5 डिग्री दर्ज किया गया जो कि सामान्य से 0.1 डिग्री अधिक है। वहीं हवा में नमी की मात्रा 76 फीसदी होने से बूंदाबांदी होने लगी है। मौसम विभाग के



अनुसार शाम को बारिश का अलर्ट जारी किया गया था। पश्चिमी विक्षोभ का असर शहर में दिखने लगा है, जिसके कारण शहर में सुबह से हल्की रिमझिम बारिश प्रारंभ हुई। और शाम होते ही 5 बजे से शहर में हल्की तेज बारिश शुरू हो गई। वहीं दो दिन से शहर में छाए बादलों के कारण गर्मी का अहसास बिल्कुल नहीं हो रहा है जिसके कारण भले ही न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहा है, लेकिन इसके विपरीत लोगों को सर्दी का अहसास हुआ। रात को चली ठंडी हवा ने सर्दी बढा दी। जिसके चलते रात में लोगों को कंबल ओढ़कर सोना पड़ा।

## 24वें सुंदरकांड पाठ के साथ होगा नारी शक्ति का सम्मान

**ग्वालियर 20 मार्च.** रामभरोसे गिर्राज विंध्या सेवा एवं शिक्षा समिति के तत्वावधान में शनिवार को विक्रम संवत 2083 नव संवत्सर मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। सुंदरकांड पाठ श्रृंखला के 24वें पड़ाव के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। पाठ, कन्या पूजन के बाद 'सनातन नारी शक्ति सम्मान का सम्मान समारोह भी आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में ज्योति दीदी, डॉ. वंदना भूपेंद्र प्रेमी वार्ड 18 की पार्षद रेखा त्रिपाठी मौजूद रहेंगी। कार्यक्रम के सफल संचालन में संरक्षक राजीव कोठारी, प्रायोजक डॉ. सुभाष कौरव, अध्यक्ष गिर्राज शर्मा, सचिव डॉ. सोनम शर्मा और कोषाध्यक्ष बालकृष्ण शर्मा सहित पूरी समिति सक्रिय भूमिका निभा रही है।

# डेंगू के खिलाफ 71 हजार से ज्यादा घरों में हुआ सर्वे

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 20 मार्च.** मलेरिया विभाग और एंबेड परियोजना के संयुक्त प्रयासों से शहर भर में व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। आमजन को जागरूक करने के

**स्वास्थ्य विभाग की बड़ी मुहिम**

लिए शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 'डेंगू रथ' रवाना किया गया है। इसके माध्यम से माइकिंग और प्रदर्शनी लगाकर लोगों को मच्छरों से होने वाली बीमारियों के प्रति सचेत किया जा रहा है। साथ ही, स्वास्थ्य केंद्रों और स्कूलों में पोस्टर लगाकर बचाव के संदेश प्रसारित किए जा रहे हैं।




**88 घरों में मिली लापरवाही**

जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. विनोद दोनेरिया और जिला मीडिया अधिकारी आई.पी. निवारिया की निगरानी में स्वास्थ्य टीमों द्वारा निरंतर फील्ड कार्यवाही की जा रही है, जनवरी से अब तक 71,940 घरों की जांच की जा चुकी है। सर्वे के दौरान 88 घरों में मच्छरों का लार्वा पाया गया, जिसे मौके पर ही नष्ट कराया गया।

**स्वास्थ्य विभाग की आमजन से अपील**

जिला मलेरिया अधिकारी ने नागरिकों से सावधानियां बरतने को कहा है कि वे इस अभियान में सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि मुख्य रूप से अपने घर और आसपास कहीं भी पानी जमा न होने दें। कूलर, गमले या पुराने टायरों में भरे पानी को 7 दिन के भीतर अनिवार्य रूप से खाली करें। पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें और मच्छरदानी का प्रयोग करें।




स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95